Mpox (मंकीपॉक्स)
आपको क्या पता होना चाहिए

ACT Government | ACT Health

Hindi | हिंदी

Mpox एक वायरल संक्रमण है, जिससे शरीर के कुछ हिस्सों पर दाने या घाव पैदा हो सकते हैं।

यह मुख्य रूप से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है, जब किसी ऐसे व्यक्ति की त्वचा से सीधा संपर्क होता है जिसपर दाने या घाव हैं। ऐसा सेक्स करते समय हो सकता है।

यह बिस्तर, तौलिए या कपड़ों जैसी संदूषित वस्तुओं से सीधा संपर्क होने पर भी फैल सकता है, लेकिन ऐसा कम सामान्य रूप से होता है।

लक्षण



Mpox से संक्रमित अधिकांश लोगों की त्वचा पर दाने, फुंसियों जैसे ज़ख्म या घाव विकसित होते हैं:

- ये शरीर पर कहीं भी पैदा हो सकते हैं - जननांगों के क्षेत्र, गुदा या कूल्हे, अथवा चेहरे, हाथ और पैरों पर।
- घाव बदलते जाते हैं और अलग-अलग चरणों से होकर गुजरते हैं। अंतिम चरण में पपड़ी बन जाएगी।
- Mpox से संक्रमित कुछ लोगों को केवल जननांगों के क्षेत्र या कूल्हों में फुंसियों जैसे कुछ घाव दिख सकते हैं।

अन्य लक्षणों में ये शामिल हो सकते हैं:

बुखार

कंपकंपी

सिरदर्द

मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द

लिम्फ नोड्स में सूजन

सामान्य रूप से लक्षण एक्सपोज़र होने के 7-14 दिनों बाद शुरू होते हैं, लेकिन यह अवधि केवल कुछ दिनों जितनी कम या 21 दिनों जितनी अधिक भी हो सकती है।

निदान

यदि आपको लगता है कि आप Mpox से संक्रमित हो सकते/सकती हैं, तो किसी जीपी से या Canberra Sexual Health Clinic से **(02) 5124 2184** पर बात करें।

सभी चकत्तों या घावों को ढककर रखें और घर छोड़कर बाहर जाने की आवश्यकता पड़ने पर मास्क पहनें। इसमें स्वास्थ्य पेशेवर के पास जाते समय मास्क पहनना भी शामिल है।

ज़्यादातर मामले गंभीर नहीं होते हैं, लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि लक्षणों से ग्रस्त किसी भी व्यक्ति की जांच स्वास्थ्य पेशेवर द्वारा की जाए।

टीकाकरण

अब ACT सरकार द्वारा अनुमोदित टीकाकरण केंद्रों पर इन व्यक्तियों के लिए Mpox के टीके उपलब्ध हैं:

- यौन रूप से सक्रिय समलैंगिक, उभयलैंगिक या अन्य पुरुषों के साथ यौन कृत्य करने वाले वाले पुरुष (सिस और ट्रांस)
- उपरोक्त व्यक्तियों के यौनसाथी
- यौनकर्मी।

यदि आपके पास Medicare कार्ड नहीं है, तो इसके बावजूद भी आप कुछ टीकाकरण केंद्रों पर टीकाकरण करवा सकते/सकती हैं।

पूरी तरह से टीकाकृत होने के लिए टीके की दो खुराकें कम से कम 28 दिनों के अंतराल पर दिए जाने की आवश्यकता होती है।

टीकाकृत होने के बावजूद भी यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने लिए एक्स्पोज़र या Mpox के फैलाव का खतरा कम करने के लिए कदम उठाएँ, क्योंकि टीकाकरण के बाद भी संक्रमित होने का खतरा बना रहता है।

टीकाकरण के लिए बुकिंग

टीकाकरण केंद्रों के स्थान और संपर्क विवरण वेबसाइट **www.health.act.gov.au/mpox** पर उपलब्ध हैं।